मूल्य 1 रु.
वर्षः 12 - अंक : 174, मुंबई, बुधवार, 17 अगस्त, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

रक्षाबंधन के
शुभ अवसर पर
काजू कतरी, काजू रोल
बदाम बर्फी, बदाम रोल
केसर पेड़े, पिस्ता लॉज
मिलेगा.
Order Now
www.mmmithaiwala.com
+91 98208 99501
MM MITHAIWALA

# गुजरात में 2000 करोड़ की एमडी ड्रग्स बरामद

## वडोदरा की फैक्ट्री से 200 किलो ड्रग जब्त

## मुंबई पुलिस ने अंकलेश्वर से 516 किलो ड्रग पकड़ी





गुजरात एटीएस के डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया- गुप्त सूचना मिली थी कि वडोदरा की सावली तहसील के पास ड्रग्स का बड़ा जत्था है। एटीएस ने मोक्षी गांव की इस फैक्ट्री में छापा मारा। वहां ड्रग्स का जखीरा तो मिला ही, यह भी पता चला कि केमिकल बनाने की आड़ में एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**वडोदरा।** समुद्री रास्ते से गुजरात में ड्रग्स की सप्लाई के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं, लेकिन अब राज्य में दो अलग-अलग जगहों से 713 किलो एमडी ड्रग बरामद की गई है। बरामद ड्रग की कीमत 2000 करोड़ रुपए आंकी गई है। गुजरात एटीएस ने वडोदरा से, जबकि मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने भरूच के अंकलेश्वर से ड्रग्स के भारी जखीरे की बरामदगी की है। वडोदरा में जिस फैक्ट्री से प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स पकड़ी गई है, वहीं इसे अवैध रूप से बनाया जा रहा था। एटीएस ने मोक्षी गांव में इस फैक्ट्री से 200 किलो ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1000 करोड़ रुपए के करीब बताई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई और गोवा में हो रही थी ड्रग्स की सप्लाई

**दीपेन भद्रन ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि ड्रग्स की सप्लाई गोवा और मुंबई की जा रही थी। एटीएस को शक है कि यहां से देश के दूसरे हिस्सों में भी ड्रग्स भेजी गई है। इस रैकेट में शामिल लोगों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है।**

**क्या होती है मेफेड्रोन पार्टी ड्रग्स?:** मिथाइलीनन डाइऑक्सी मेथैमफेटामाइन और मेफेड्रोन को कई नामों से बेचा जाता है। लगभग हर देश में इसके कोड नेम हैं। इस ड्रग्स को सूंघकर और पानी में मिलाकर भी लिया जाता है। नशे के बाजार में इस तरह की एक ग्राम ड्रग की कीमत एक हजार से 25000 रुपए तक है। नशा करने वालों के बीच इसके और भी कोड नेम हैं। इसे लेने के बाद दिमाग में नशा चढ़ता है। मदहोशी आती है। ज्यादा मात्रा में एक साथ लेने पर यह जान के लिए खतरा तक बन सकती है।

**'म्याऊं-म्याऊं ड्रग' भी कहलाती है मेफेड्रोन:** मेफेड्रोन को आमतौर पर 'म्याऊं-म्याऊं' के नाम से जाना जाता है। रेव पार्टियों में नशे के लिए इसका इस्तेमाल होता है। म्याऊं-म्याऊं का नाइजीरिया और अफगानिस्तान में सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। पार्टी ड्रग्स के तौर पर इसका भारत में भी इस्तेमाल होने के मामले सामने आ चुके हैं। रेव पार्टी में पहले एलएसडी यानी लिसर्जिक एसिड डायइथाइलअमाइड का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन ड्रग्स के लिए कड़े कानून बनने के बाद एमडीएमए और मेफेड्रोन का नशा ज्यादा प्रचलित है।



# अंबानी परिवार को धमकी

## मुंबई की अदालत ने आरोपी बिष्णु विदु भौमिक को 20 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेजा

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** यहां की एक अदालत ने उद्योगपति मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार एक जौहरी को मंगलवार को 20 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। यहां रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के लैंडलाइन नंबर पर कॉल कर अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में बिष्णु विदु भौमिक (56) को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई के लिए अगले 24 घंटे मुसीबत भरे

## मौसम विभाग ने जताई भारी बारिश की आशंका



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में कुछ दिन के अंतराल के बाद मंगलवार को एक बार फिर मूसलाधार बारिश हुई। नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि कहीं भी निचले इलाके में भारी जलजमाव की कोई खबर नहीं है। ट्रेन सेवाएं और 'बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट' (बेस्ट) की बस सेवाएं सामान्य हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# गौरव और संकल्प

**भारत** की आजादी के 75 साल पूरे होने का गौरवशाली अवसर इतिहास में दर्ज हो गया है। लगभग हर मुहल्ले में कोई न कोई विशेष आयोजन और हर घर तिरंगा अभियान तो कुल मिलाकर बहुत यादगार रहा है। इस खास पड़ाव पर जितना महत्वपूर्ण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उद्बोधन है, उतनी ही चर्चा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की हुई है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारतीयों ने संदेह जताने वाले लोगों को गलत साबित कर दिया है। इस मिट्टी में न केवल लोकतंत्र की जड़ें बढ़ी हैं, बल्कि समृद्ध भी हुईं। राष्ट्रपति ने कहा कि देश का विकास अधिक समावेशी होता जा रहा है और क्षेत्रीय असमानताएं भी कम हो रही हैं। राष्ट्रपति ने गौरव के साथ याद किया कि अधिकांश लोकतांत्रिक देशों में वोट देने का अधिकार प्राप्त करने के लिए महिलाओं को लंबे समय तक संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन हमारे गणतंत्र की शुरुआत से ही भारत ने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार को अपनाया। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने पहले उद्बोधन से न केवल देशवासियों को प्रेरित किया है, बल्कि उन्हें गर्व का भी एहसास कराया है। पंद्रह अगस्त की सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से संबोधन के दौरान भ्रष्टाचारियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने इसके खिलाफ जंग में देशवासियों का सहयोग भी मांगा। भाई-भतीजावाद पर भी चिंता जताई और कहा कि राजनीति के अलावा भी यह कई क्षेत्रों को प्रभावित कर रहा है। प्रधानमंत्री के इस उपयोगी उद्बोधन के अनेक अर्थ निकाले जा रहे हैं, प्रशंसा हो रही है, तो आलोचक भी कम नहीं हैं। भ्रष्टाचार देश में अगर बढ़ रहा है, तो किसकी जिम्मेदारी बनती है? भ्रष्टाचार को कौन खत्म करेगा? आजादी के 75वें साल में इस सवाल का उठना अपने आप में गंभीर बात है। आजादी के स्वप्न में भ्रष्टाचार से मुक्ति भी शामिल थी। आज भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री अगर चिंता जता रहे हैं, तो देश अच्छी तरह से वस्तुस्थिति को समझ रहा है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा है कि किसी के पास रहने को जगह नहीं और किसी के पास चोरी का माल रखने की जगह नहीं है। निस्संदेह, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के खिलाफ हमें मिलकर कदम उठाने पड़ेंगे। खैर, किसी देश को किन्हीं समस्याओं पर थम नहीं जाना चाहिए। समाधान तलाशते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने देश को पांच संकल्प दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 25 वर्षों में जब देश अपनी आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक हमें इन संकल्पों को पूरा करना है। पहला संकल्प है, विकसित देश बनना। दूसरा संकल्प, देश के किसी कोने में गुलामी का अंश न रह जाए। उन्होंने सही कहा है कि हमें औरों के जैसा दिखने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। हम जैसे भी हैं, वैसे ही सामर्थ्य के साथ खड़े होंगे। तीसरा संकल्प, हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। चौथा संकल्प, देश में एकता और एकजुटता रहे। पांचवां संकल्प, नागरिकों का कर्तव्य। वाकई देश में सबको अपना कर्तव्य निभाना होगा। प्रधानमंत्री ने उचित ही कहा है कि यदि सरकार का कर्तव्य है- हर समय बिजली देना, तो नागरिक का कर्तव्य है- कम से कम बिजली खर्च करना। प्रधानमंत्री ने महिलाओं का सम्मान करने का भी संकल्प दिलाया है, तो वाकई इसकी बड़ी जरूरत है। बेशक, अगर हमने इन संकल्पों को गंभीरता से लिया, तो भारत को विश्व का सिरमौर देश होने से कोई रोक नहीं सकता।

# वाह! वे सपने और आज का मुकाम



**ठीक** 75 वर्ष पहले आधी रात में पंडित नेहरू ने नियति से वादे के हवाले देश-दुनिया को संबोधित किया था। उसका क्या सत्व-तत्व था? सपनों की उड़ान! हां, पंडित जवाहर लाल नेहरू ने दुनिया से कहा था, जब दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और आजादी की करवट के साथ उठेगा हम भारत और उसके लोगों और उससे भी बढ़ कर मानवता के हित के लिए सेवा-अर्पण करने की शपथ लें!.. हमें सपनों को धरातल पर उतारने के लिए कठोर से कठोरतम परिश्रम करना है। ये सपने भले ही भारत के हैं लेकिन ये स्वप्न पूरी दुनिया के भी हैं क्योंकि आज सभी राष्ट्र और लोग आपस में एक-दूसरे से इस तरह गुंथे हुए हैं कि कोई भी एकदम अलग होकर रहने की कल्पना नहीं कर सकता है जय हिंद! पंडित नेहरू के सपने और संकल्प का यह वाक्य भी गौरतलब है, भारत की सेवा का अर्थ करोड़ों पीड़ित जनों की सेवा है। इसका आशय गरीबी, अज्ञानता, बीमारियों और अवसर की असमानता के खात्मे से है। वह पंडित नेहरू का आइडिया ऑफ इंडिया था। उन्हें सुन पूरी दुनिया अभिभूत हुई थी। विश्व को वे वाक्य अमृत वचन और भारतीयों का अमृत संकल्प समझ आया था। आखिर सैकड़ों साल की गुलामी, गरीबी, अशिक्षा और जात-पांत में बंटी कौम ने सपने के साथ कठोर मेहनत का संकल्प जो बताया था। ध्यान करें गरीबी, अज्ञानता, बीमारियों और अवसर की असमानता मिटाने का संकल्प तथा पूरी मानवता के लिए भारत का सेवा-अर्पण भाव! 14 अगस्त 1947 की ही शाम महर्षि श्री अरविंद ने आजादी पूर्व एक संदेश दिया था। इसके लिए आकाशवाणी ने उनसे अनुरोध किया था। उनका कहा मूलतः अंग्रेजी में था। इसका सत्व-तत्व हिंदी के इन वाक्यों में है, 15 अगस्त 1947 स्वाधीन भारत का जन्मदिन है। ये दिन भारत के लिए पुराने युग की समाप्ति और नए युग का प्रारंभ सूचित करता है। परंतु हम एक स्वाधीन राष्ट्र के रूप में अपने जीवन और कार्यों के द्वारा इसे ऐसा महत्वपूर्ण दिन भी बना सकते हैं, जो संपूर्ण जगत के लिए सारी मानवजाति के राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भविष्य के लिए नवयुग आने वाला सिद्ध हो। 15 अगस्त मेरा अपना जन्मदिन भी है। मेरे लिए प्रसन्नता की बात है मेरे सपनों में पहला सपना था एक क्रांतिकारी आंदोलन, जो भारत को स्वाधीन और एकजुट बनाए। भारत आज स्वाधीन हो गया है पर उसने एकता नहीं प्राप्त की। संविधान सभा ने दूरदर्शिता दिखा यह संभव बना दिया है, जिससे बिना दरार और खींचतान के दलित वर्गों की समस्या हल हो जाएगी। परंतु हिंदुओं और मुसलमानों का पुराना सांप्रदायिक भेद देश के स्थायी राजनीतिक विभाजन के रूप में सुदृढ़ हो गया दिखता है। आशा करनी चाहिए कि इस तय किए गए विभाजन को पत्थर की लकीर नहीं मान लिया जाएगा और इसे एक कामचलाऊ और अस्थायी उपाय से बढ़कर और कुछ नहीं माना जाएगा क्योंकि यदि यह कायम रहा तो भारत भयानक रूप में दुर्बल और अपंग हो सकता है। नागरिक विद्वेष बना रहेगा, चाहे किसी भी उपाय से हो, चाहे किसी भी प्रकार से हो, विभाजन अवश्य हटाना चाहिए। एकता अवश्य स्थापित होनी चाहिए और स्थापित होगी ही क्योंकि भारत के भविष्य की महानता के लिए ये आवश्यक कदम है। उन्होंने आगे कहा, मैंने एक और सपना देखा है कि एशिया के लोगों का पुनरुत्थान हो, वे स्वतंत्र हों ताकि मानव सभ्यता की उन्नति के कार्य में उनका जो महान स्थान पहले था, वह वापस लौटे। उसमें भारत को अपनी भूमिका अदा करनी है। मैंने एक और सपना देखा है बनेगा एक विश्व संघ जो पूरी मानव जाति के लिए सही, तर्कपूर्ण, उसके उज्ज्वल भविष्य और आदर्श जीवन को बनवाने का आधार होगा। विश्व के सभी मानवों के एकीकरण का काम शुरू हुआ है, हालाकि वह आधा-अधूरा है, बहुत दिक्कतें हैं, लेकिन इच्छा और जोश है इसको और बढ़ना चाहिए, इसमें सफल होना चाहिए। इस मामले में भारत अहम भूमिका लेता लगता है। और यदि वो व्यापक दृष्टि की स्टेट्समैनशिप विकसित कर सके, जो वर्तमान घटनाओं और तात्कालिक संभावनाओं में सीमित नहीं रहे, बल्कि भविष्य दृष्टि रखे. अंतरराष्ट्रीय भाव और दृष्टिकोण अवश्य विकसित होने चाहिए। मेरा अंतिम सपना है कि विकास क्रम (इवोल्यूशन) में अगला कदम मनुष्य को एक उच्चतर और विशाल चेतना में उठाने का हो ताकि उन समस्याओं का हल होना संभव हो सके, जिनसे मनुष्य तब से हैरान और परेशान है, जब से उसने सोचना शुरू किया और वैयक्तिक पूर्णता और पूर्ण समाज का सपना देखता आया है।

महर्षि अरविंद के बाद अब वीर सावरकर के सपनों पर गौर करें। उनका एक अमृत वचन है, एक देश एक ईश्वर, एक जाति, बिना संदेह, बिना मतभेदों के एक दिमाग के सभी भाई लोग! उनके भारत चिंतन और सपने का दूसरा गौरतलब वाक्य है, ज्ञान से किया गया कर्म सफलतादायी होता है, क्योंकि ज्ञानयुक्त कर्म ही समाज के लिए हितकारक है। ज्ञान प्राप्ति जितनी कठिन है उससे अधिक कठिन है उसे संभाल कर रखना। मनुष्य तब तक ठोस कदम उठा, प्रगति प्राप्त नहीं कर सकता, यदि उसमें राजनीतिक, ऐतिहासिक, अर्थशास्त्रीय व शासनशास्त्रीय ज्ञान का अभाव हो। उनका एक और वाक्य है, सभी परतंत्रताओं से नीच परतंत्रता है, राजनीतिक परतंत्रता और यहीं नर्क का दरवाजा है। विचार करें, आजादी के वक्त के इन तीन अलग-अलग आइडिया के प्रतिनिधियों का सार क्या है? मोटा मोटी व्यापक दृष्टि, पूरी मानवता, अंतरराष्ट्रीय भाव और ज्ञान, बुद्धि, सत्य के बूते कठोर परिश्रम से भारत बनाना। समाज में नागरिक विद्वेष और विभाजन मिटाना। गरीबी, अज्ञानता, अवसर की असमानता मिटाना। जात-पांत, अशिक्षा, अंधविश्वास मिटाना। नागरिकों की हर तरह की पराधीनता को मिटाना। फिर भले पर वह देश के तंत्र, अफसरों और सिस्टम की परतंत्रता का नागरिक जीवन हो या प्रधानमंत्रियों, सत्तावानों के आतंकी-अहंकारी व्यवहार से देश में कलह, क्लेश और निराशा-हताशा हो। सावरकर का क्या गजब दो टूक विचार था कि सभी परतंत्रताओं से नीच परतंत्रता है, राजनीतिक परतंत्रता और यहीं नर्क का दरवाजा है।

अपना मानना है कि किसी भी बहाने, किसी भी एक नेता को भगवान मानना, उस पर आश्रित होना, सत्य की अनदेखी करके भक्ति और नियति में जीना सचमुच नीच परतंत्रता है। इसलिए 75 का भारत यक्ष प्रश्न लिए हुए है कि क्या हम भारतीय वाकई आजादी भोगते हुए हैं? 75 वर्षों में पंडित नेहरू, महर्षि अरविंद, वीर सावरकर या गांधी-तिलक, हेडगेवार, गोलवलकर, राममनोहर लोहिया, सुभाषचंद्र बोस, सरदार पटेल, एमएन राय, जयप्रकाश नारायण, श्रीपाद डांगे, नंबूदरीपाद आदि में से किसका सपना और संकल्प मौजूदा मुकाम में छटांग भर भी साकार हुआ समझ आता है? न गरीबी घटी न अज्ञानता, अंधविश्वास खत्म हुए। न अवसरों की समानता है। समाज में नागरिक विद्वेष और विभाजन भारत को श्री अरविंद की उस आशंका की ओर ले जाता है कि भारत भयानक रूप में दुर्बल और अपंग हो सकता है। भारत दुनिया का वह देश है, जिसमें कथित सर्व साक्षरता लोगों को, नौजवान पीढ़ी को या तो बेरोजगार बनाती हुई है या बेगारी कराती हुई। शिक्षा से ज्ञान-विज्ञान और सनातनी सत्य नहीं, बल्कि अंधविश्वास और काले जादू के टोने-टोटकों में प्रधानमंत्री से ले कर आम मानस सब रंगे गए हैं। जो संकल्प था कि हमें सपनों को धरातल पर उतारने के लिए कठोर से कठोरतम परिश्रम करना है वह भारत के कानूनों, उसके हाकिमों, व्यवस्था और तंत्र की लूट और भ्रष्टाचार से दम तोड़ चुका है। उद्यमी-पुरुषार्थी, समझदारों के लिए विदेश जा कर बसना विकल्प बन गया है। नेताओं और सिस्टम ने लूट की नई ईस्ट इंडिया कंपनियां बनी हैं। किसी के पास न कठोर परिश्रम के समान अवसर है और न सहूलियत। सोचें, 75 साला भारत के अमृत काल में 80-100 करोड़ लोग यदि फ्री के राशन, पांच सौ, हजार व दो हजार रुपए की खैरात में जी रहे हैं तो क्या यह भारतीयों का समर्थवान बनना है?

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: 9619102478 /9821238815
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

सिटी हलचल

मुंबई, बुधवार
17 अगस्त 2022



# मुंब्रा शहर में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया 75वां स्वतंत्र दिवस

## शहर की हर गली में किया गया ध्वजारोहण

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शहर में बड़े ही धूमधाम के साथ 75 वा स्वतंत्र दिवस मनाया गया जो देश मंगलवार को 75 वां स्वतंत्र दिवस मना गया, वह दरअसल देश की आजादी में शहीद हुए स्वतंत्र सेनानियों की याद को ताजा करने के लिए मनाया जाता है क्योंकि उनके द्वारा दिया गया बलिदान को इतिहास कभी भुला नहीं सकता वह कल भी अमर थे और हमेशा अमर रहेंगे इस मौके पर सवेरे 6:30 मिनट पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम दमकल विभाग के अधिकारी द्वारा किया गया सभी कर्मचारियों ने मिलकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी उसके बाद 7:30 मिनट पर मुंब्रा पुलिस स्टेशन मैं ध्वजारोहण का कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कडलग के हाथों किया गया और तमाम पुलिस कर्मियों की सलामी के साथ राष्ट्रगान पेश किया गया ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न होने के बाद अशोक कडलग ने शहर वासियों को 75 वा स्वतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी और सभी पुलिसकर्मियों के साथ समाज सेवक, एनजीओ, राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता सभी सदस्य ने एक दूसरे को स्वतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं दी और मिठाइयां बांटी गई आपको बताते चलें पूरे शहर की तमाम स्कूलों में सभी अध्यापक और छात्र






छात्राओं ने मिलकर ध्वजारोहण के कार्यक्रम को कामयाब बनाया और राष्ट्रगान पेश करने के बाद स्कूली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम स्वतंत्र सेनानी की याद में पेश किया गया कई स्कूल के मासूम बच्चों हाथों में तिरंगा लेकर झिम झिम आती बारिश में भीगते हुए विशाल रैली निकाली गई और नारेबाजी करते हुए बच्चे नजर आए सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा भारत माता की जय सभी बच्चों में देश भक्ति और देश के प्रति प्रेम नजर आया सभी बच्चों में बड़े लोगों ने उल्लास के साथ एक दूसरे को स्वतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं आपको बताते चलें मुंब्रा शहर के हर एक इलाके में संजय नगर परिसर शंकर मंदिर, अमृत नगर दारुल फलाह मस्जिद, तंवर नगर, अन्य कई परिसरों में सभी जगह धूमधाम से गाना बजाने के साथ स्वतंत्र दिवस मनाते हुए नजर आए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा 75 वा स्वतंत्र दिवस के दिन सवेरे विशाल रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने हिस्सा लिया और पूरे शहर भर में गश्त करते हुए नारे लगाते हुए नजर आए सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा इस प्रकार से नारेबाजी करते हुए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के तमाम सदस्य नजर आए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया द्वारा सानिया हॉल में बच्चों के लिए किरात नात हम्द मेंहदी और ड्रॉइंग का कंपटीशन के कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे जितने वाले बच्चों को पुरस्कार एवं सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया मुंब्रा शहर में एमआईएम पार्टी के कलवा मुंब्रा विधानसभा अध्यक्ष सैफ पठान ने सभी एमआईएम जनसंपर्क कार्यालय में जाकर अपने हाथों से ध्वजारोहण किया और शहर वासियों को 75 वा स्वतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं पेश की वहीं दूसरी ओर एनसीपी का विधानसभा कार्यालय तंवर नगर परिसर में कलवा मुंब्रा के विधायक जितेंद्र अव्हाड के हाथों ध्वजारोहण किया गया उन्होंने भी मुंब्रा शहर वासियों को और पूरे देशवासियों को 75 वा स्वतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी अलमास कॉलोनी परिसर में 9:30 मिनट पर कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय में ध्वजारोहण कांग्रेस के पूर्व महापौर नईम खान के हाथों किया गया जिस तरह की खुशी 75 वा स्वतंत्र दिवस पर देखी गई पूरे शहर भर में लोगों ने बढ़-चढ़कर देश के प्रति देश प्रेमी देखने को मिली ज्यादातर मुंब्रा शहर की अनगिनत कांपलेक्स में ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया।

# मुंबई में फ्लैट की छत गिरने से बुजुर्ग दंपत्ति की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मुंबई।** आजादी के 75वीं वर्षगांठ पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं, दूसरी तरफ मुंबई में एक दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि सोमवार देर शाम करीब 7 बजकर 45 मिनट पर बिल्डिंग की छत गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। पल भर में परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) से मिली जानकारी के मुताबिक, मरने वालों में पति-पत्नी हैं, जिसमें 93 साल का एक बुजुर्ग और एक 87 साल की एक बुजुर्ग महिला शामिल है। मामले की सूचना बीएमसी को 1916 हेल्पलाइन पर मिली थी। मामला मुलुंड पूर्व के नाने पाड़ा इलाके का है। यहां स्थित मोती छाया बिल्डिंग में



पहली मंजिल की छत गिर गई। घटना में बुजुर्ग दंपति नथालाल शुक्ला (93) और आर्किबेन देवशंकर शुक्ला (87) की मौत हो गई। बीएमसी से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा बिल्डिंग के जिस फ्लोर पर हुआ, उसका 25 साल पहले ही निर्माण कराया गया था। वहीं, मृतकों के घर में मातम का माहौल छाया हुआ है। आशंका है कि बिल्डिंग निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल से भी यह हादसा हो सकता है।

**जून महीने में भी हो चुके हैं ऐसे हादसे**

आपको बता दें कि बीते जून महीने में एक चार मंजिला बिल्डिंग गिरने का मामला भी सामने आया था। कुर्ला पूर्व के नाइक नगर में 47 साल पुरानी बिल्डिंग ढह गई थी। घटना में 12 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। मृतकों में ज्यादातर मजदूर शामिल थे। पिछले साल मलाड वेस्ट में भी बिल्डिंग गिरने का मामला सामने आया था। यहां 2021 में जून महीने में एक बिल्डिंग के गिरने पर 11 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।




(पृष्ठ 1 का समाचार)

**गुजरात में 2000 करोड़ की एमडी ड्रग्स बरामद**

एटीएस के डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया कि जब्त की गई ड्रग्स करीब 6 महीने पहले तैयार की गई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एक बार में ही काफी मात्रा में ड्रग्स तैयार की गई हो, जिसे देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई कर दिया गया हो। इधर मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने गुजरात के ही भरूच जिले में अंकलेश्वर से 513 किलो एमडी ड्रग बरामद की है। नारकोटिक्स सेल की वर्ली ब्रांच ने इस मामले में एक महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद की गई ड्रग की कीमत 1 हजार 26 करोड़ बताई है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए सभी लोग एक गिरोह का हिस्सा हैं। इनसे पूछताछ कर ड्रग की सप्लाई चेन के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। गुजरात एटीएस के डीआईजी दीपेन भद्रन ने बताया- गुप्त सूचना मिली थी कि वडोदरा की सावली तहसील के पास ड्रग्स का बड़ा जत्था है। एटीएस ने सोमवार को मोक्षी गांव की इस फैक्ट्री में छापा मारा। वहां ड्रग्स का जखीरा तो मिला ही, यह भी पता चला कि केमिकल बनाने की आड़ में एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी। इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ पाएगी।

**अंबानी परिवार को धमकी**

दक्षिण मुंबई में आभूषणों की दुकान चलाने वाले भौमिक को दहिसर से पकड़ा गया था। पुलिस ने आरोपी को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस वी डिंडोकर की अदालत में पेश किया और फोन पर धमकी देने के मकसद की जांच के लिए उसकी हिरासत मांगी। इसने अदालत से कहा कि आरोपी आदतन अपराधी लगता है और इसलिए वह यह पता लगाने के लिए पूरी जांच करना चाहती है कि क्या कोई अन्य व्यक्ति भी इस मामले में शामिल था। रिमांड याचिका का विरोध करते हुए भौमिक के वकील विजय कुमार माने ने तर्क दिया कि उनके मुवक्किल का मामले से सीधा संबंध नहीं है, क्योंकि फोन कॉल प्राइवेट अस्पताल को की गई थी, न कि रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अंबानी को। माने ने कोर्ट को यह भी बताया कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है और उसका इलाज चल रहा है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को 20 अगस्त तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, भौमिक ने सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल के लैंडलाइन नंबर पर कथित तौर पर नौ बार फोन किया और अंबानी और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही गाली-गलौज भी की। उसके खिलाफ डी बी मार्ग थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 506 (2) के तहत आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया गया है।

**मुंबई के लिए अगले 24 घंटे मुसीबत भरे**

उन्होंने बताया कि सुबह शहर के अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं हो रही थी या हल्की बारिश थी। भारी बारिश पूर्वाह्न करीब 10 बजे शुरू हुई। मौसम विभाग ने मुंबई में आगामी 24 घंटों के दौरान भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम विज्ञान विभाग ने दिन में शहर और उसके उपनगरों में आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। अगले 24 घंटे में रुक-रुककर बारिश हो सकती है। नगर निकाय अधिकारियों ने बताया कि शहर में मंगलवार को सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 7.91 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# अनेकों क्रांतिकारियों ने महर्षि दयानंद से प्रेरणा ली: प्रवीण आर्य





**मुंबई हलचल/भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** महर्षि दयानन्द संस्कृत गुरुकुल महाविद्यालय एवं दयानंद बाल मन्दिर,पटेल मार्ग में आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर मुख्य अतिथि प्रवीण आर्य एवं संदीप आर्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं शहीद सैनिकों को गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एमएमएच कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य श्री भुवनेश्वरदत्त शर्मा ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में आर्य समाज का सर्वाधिक योगदान रहा उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद एक क्रांतिकारी विचारक थे उनकी अलग सोच ने समाज को नई दिशा दी।आर्य समाज क्रांतिकारी गतिविधियों का केन्द्र रहा है। अंग्रेजी सरकार भी उनसे भय खाती थी। महर्षि दयानंद की निर्भीकता से सभी प्रेरणा प्राप्त करते रहे। मंच का कुशल संचालन कर रहे मंत्री तेज पाल सिंह आर्य ने कहा कि आर्य समाज नया गंज गाजियाबाद में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व शुक्रवार,19 अगस्त को प्रातः8:30 बजे से 11:30 बजे तक हर्षोल्लास से मनाया जाएगा उन्होंने भारी संख्या में लोगों से पहुंचने वा धर्म लाभ उठाने की अपील की। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि स्वामी दयानन्द ने समस्त विश्व का पथ-प्रदर्शन करने वाली सत्यार्थ प्रकाश नामक एक अत्यन्त महत्वपूर्ण पुस्तक लिखी इसमें उन्होंने लिखा कि विदेशी राजा चाहे कितना ही न्यायप्रिय, कितना ही सत्यनिष्ठ क्यों न हो किन्तु! स्वदेशी राजा सदा विदेशी राजा से अच्छा होता है। सत्यार्थ प्रकाश से प्रेरणा लेकर असंख्य नौजवानों ने देश के लिए मर मिटने की कसम खाई और स्वतंत्रता की बलिवेदी पर हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राम अवतार शास्त्री, राजेश्वर शास्त्री, त्रिलोक शास्त्री, अशोक गुप्ता, गिरीश आर्य, प्राचार्य दिनेश शुक्ला, केशव शर्मा, अनिल आर्य, आकाश जी, प्रिंसिपल शोभा माथुर, प्रेमलता वर्मा, पूनम शर्मा,रीतिका एवं पूजा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# देश हित देश सेवा सर्वोपरि योग गुरु राधेश्याम, अजय अग्रवाल और योगेंद्र चौधरी ने दिया बच्चों को आशीर्वाद





**मुंबई।** दिनांक 15 अगस्त 2022 स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पूरे भारत वर्ष में 75 वां आजादी अमृत महोत्सव बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ में मनाया गया। पिछले 2 महीनों से 'द ह्यूमन योगा फाउंडेशन' नेहरू युवा केन्द्र भारत सरकार के बहादुर बच्चें योगा के प्रशिक्षण श्री शिवनारायण एस राजभर, राजो राना, अमित जैसवार, प्रसाद और कृष्णा जयसवार सचिन जायसवार योगा टीचर, संतोष जयसवार भोला जयसवार सुनील कुमार भारती और द हुमन योगा फाउंडेशन की सेक्रेटरी अर्चना जायसवार के नेतृत्व में खूब तैयारियों के साथ योगाभ्यास, योगा पिरामिड बनाते हुए झण्डा रोहन फहराये गए और बहुत से भिन्न भिन्न प्रकार के कार्यकुशलता को करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के दिन प्रदर्शित किये। नेहरू युवा केन्द्र भारत सरकार के बहादुर बच्चे अपने प्रदर्शन को करते हुए आजादी के अमृत महोत्सव पर परैड करते हुए रोड़ पर रैली भी निकाली और बच्चे सभी के घरों में जा जाकर तिरंगा झंडा देने का काम किया और इससे एक हिंदुत्व और भाईचारा का संदेश 'द ह्यूमन योगा फाउंडेशन' के बहादुर बच्चों किया। 'द ह्यूमन योगा फाउंडेशन' के राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रांड मास्टर योग गुरु राधेश्याम जैसवार जी के नेतृत्व में नेहरू युवा केंद्र संगठन के कार्यक्रम के बहादुर बच्चे ने पूरे विश्व को भाईचारा और हिन्दुत्व जागरूक करते हुए बी. एम.सी.गार्डन कै. महेश भोपाटे मनोरंजन उद्यान लोअर परेल मुंबई में कार्यक्रम को प्रदर्शित किया गया।

# नांदिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 76 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** सिरोही जिले के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांदिया में 76 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण स्थानीय सरपंच विजय सिंह द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में पीईईओ क्षेत्र के सभी राजकीय एवं निजी स्कूलों के छात्र- छात्राओं तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति भी भारी संख्या में रही। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिनमें स्थानीय विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा ऐ वतन तेरे लिए, तेरा ही जलवा, शेर मा रे राणा शेर मा रे, खूब लड़ी झांसी की रानी, गरबा जैसे गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांदिया(सिरोही)

की छात्राओं द्वारा सतरंगी चुनर, साँवरिया जैसे गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए, सर्वोदय विद्यालय द्वारा चुनरी राजस्थानी गीत पर ,गिरधर विद्यालय द्वारा ओ देश मेरे गीत पर तथा आदर्श विद्या मंदिर द्वारा आजादी का अमृतोत्सव गीत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। गुरुदीन वर्मा के अनुसार इस कार्यक्रम में मिष्ठान वितरण लादूराम जी पुत्र श्री गणेश जी सुथार, पुरस्कार वितरण ताराराम जी पुत्र श्री बदा जी माली और माइक व्यवस्था नारायण लाल पुत्र श्री हीरा जी घांची द्वारा की गई। इस अवसर पर संस्था प्रधान डॉ रमेश कुमार खण्डेलवाल ने विद्यालय की भविष्य की योजना और स्थानीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ की बात और स्थानीय विद्यालय को माध्यमिक परीक्षा बोर्ड बनाने की बात स्थानीय लोगों को बताई तथा सभी भामाशाहों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम का संचालन स्थानीय नारायण लाल प्रजापत ने किया। इस कार्यक्रम में स्थानीय कर्मचारियों अनिल कुमार, सज्जन सिंह, हड़वन्त सिंह, मंजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह, धनराज लोहार, पूजा शर्मा, वर्षा रावल, गजेन्द्र गिरी, दुष्यंत सिंह, सूरज सोनी, सुशीला कंवर, जयंती लाल माली, नरेन्द्र सिंह, गणेश गुर्जर, बिन्दु चौधरी, सुषमा चौधरी, पिंकी पटेल, साधना मीणा, प्रमिला कुमारी, शकुंतला गर्ग, रमेश कुमार खोटिन, सांकलाराम देवासी, लक्ष्मण गर्ग, राजमल आदि सराहनीय सहयोग रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# पीपलूंद में स्वतंत्रता दिवस पर समारोह में भाग लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले की जहाजपुर तहसील के पीपलूंद ग्राम में स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने वाले प्रत्येक छात्र छात्राओं को पुरूस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। पीपलूंद सरपंच वेदप्रकाश खटीक ने बताया की आजादी के पर्व को श्रेष्ठ बनाने में जिन छात्रों के अपना पसीना बहाया है ऐसे सभी छात्रों का पुरुस्कृत किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय, राजकीय संस्कृत उच्च प्राथमिक विद्यालय, आदर्श विद्या मन्दिर के कुल 223 छात्र छात्राओं को पुरूस्कार स्वरूप पेन, कापी और 100 - 100 रुपए के नगद पुरुरकार प्रदान किया। कार्यक्रम में चारों संस्थाओं के संस्था प्रधान, किसान मोर्चा पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश पारीक, किसान मित्र सुवा लाल मीणा, ब्रह्मप्रकाश पूरी, दीपक तिवाड़ी आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी क्षेत्रीय पत्रकार मोनू छीपा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# नवनिर्मित राजमार्गों से व्यापार को मिली अपार सफलता: डा. प्रमोद सक्सेना

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान जानकी वाटिका कक्षा द्वारा सन्त निवास नेहरू नगर में 75 वें स्वतन्त्रता दिवस पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज,राष्ट्रीय गान एवं 'देशभक्ति गीतों' के माध्यम से स्वतन्त्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गायिका सुमन बंसल, मीनाक्षी अग्रवाल, वीना वोहरा, विभा भारद्वाज, उमा शर्मा, सीमा अग्रवाल आदि ने देश भक्ति के ओजस्वी गीतों से समा बांध दिया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर प्रमोद सक्सेना (प्रबंध निदेशक बीएलजे हाई स्कूल गाजियाबाद) ने आजादी के अमृत महोत्सव पर फहराया राष्ट्रीय ध्वज तथा देश भक्ति के रंगारंग कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में शहीदों को नमन करते हुए देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाओं के साथ देश में आजादी के पश्चात पूरे भारतवर्ष में बह रही विकास की लहर को अपने मार्मिक अंदाज में बताया कि कैसे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा अपने कुशल नेतृत्व में कोविड



जैसी महामारी को हराकर विश्व में नया कीर्तिमान स्थापित किया। मान्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने कुशल मंत्रिमंडल के नेतृत्व में नवनिर्मित राजमार्गों से व्यापार को मिली अपार सफलता का भी उल्लेख किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि देशभक्ति गीत रोमांच पैदा करते हैं। उन्होंने आज वीना वोहरा जी को जन्म दिन की बधाई देते हुए बताया कि कांग्रेस के इतिहासकार डॉ पट्टाभि सीतारमैया के अनुसार देश की आजादी की लड़ाई में जेल जाने वाले 80 प्रतिशत आर्य समाजी थे। आर्य समाज राष्ट्र वादी सुधार आंदोलन है राष्ट्र निर्माण में पूरी भूमिका निभायेगा। योगी डी के अरोरा ने कहा कि युवा पीढ़ी राष्ट्र का आधार है हम युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए कार्य करते रहेंगे। योगी राम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि यह आजादी हमें आसानी से नहीं मिली है, हमारे जांबाज शहीदों ने अपनी जान पर खेलकर अंग्रेजों से लोहा लेकर आजादी हमें दी है और हम खुली हवा में आजादी से सांस ले पा रहे हैं। आज भी हमारे सैनिक चाहे बरसात हो चाहे बर्फ गिर रही हो हर मौसम में सीमा पर डटे हैं तभी तो हम अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। कु.गंगा बंसल,जमुना बंसल नंदिनी बंसल,सरस्वती बंसल, तनीषा अग्रवाल, सोनल त्यागी सौम्या सिंह रावत का राष्ट्रभक्ति गीत पर किया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंजु गोयल, नेतराम गौतम, अनुराधा अरोड़ा,दर्शना मेहता,ऋतु सिंघल, विमला सिंह आदि उपस्थित थे।

# एक रुपया रोज सेवा संस्था ने आजादी का अमृत महोत्सव जरूरत मंद बच्चों के साथ मनाया



**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक रुपया रोज सेवा संस्था की ओर से झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, संस्थापक सिकन्दर राठौड़ ने बताया की बच्चों को और उनके परिजनों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया गया और उनको बच्चों को पढ़ाने के लिए और बाल मजदूरी पर ना भेजने के लिए बोला गया जिस पर उन्होंने अपनी सहमति जताते हुए बच्चों में शिक्षा के प्रति अलख जगाने के लिए संस्था की प्रशंसा की, व हर सम्भव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इसी क्रम में संस्था के कुछ सदस्य वहां कुछ दिन जाकर बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा देंगे, संस्था की ओर से बच्चों को पेन पेंसिल कॉपी स्टेशनरी इत्यादि भी बांटी गई, व उपस्थित सदस्यों व अतिथियों ने बच्चों व उनके परिवार के साथ अल्पहार किया। संस्था के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में अपने विचार रखे आज के कार्यक्रम में हसन अली गौरी, अब्दुल रशीद चौधरी, अब्दुल रऊफ राठौड़, रमेश गहलोत, दिनेश दिवाकर, हेमंत सर (जादूगर) मनोज कुमार, मंजू लता रावत, शिवांगी भारद्वाज, चंचल सेन, मुमताज बानो, मुमताज शेख, चंचल सांखला, दुर्गा मारू, समीरा परवीन, रानी पारीक, महावीर जैन, सौरभ जैन, विजेंद्र सिंह राठौड़, मौजूद रहे।

# नदीम बक्ष का हुआ जिला स्तर पर सम्मान

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**



**जोधपुर।** जोधपुर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के उपलक्ष्य मे जोधपुर के जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता जी के नेतृत्व मे जिला स्तरीय मुख्य समारोह राजकीय पुराना स्टेडियम मे आयोजित हूआ जिसमे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री सुभाष जी गर्ग थे उसी कड़ी मे मंत्री महोदय के हाथो रक्त दान के क्षेत्र मे व कोरोना काल गरीब बेसहारा जरूरतमंद लोगों की खिदमत व सामाजिक कार्य को देखते हुए नदीम बक्ष को जिला स्तर पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। नदीम बक्ष को सम्मान मिलने से समाज शेख सैयद मुगल पठान मे खुशी की लहर दोड़ी गई।

# क्रांतिकारियों का बलिदान सबसे महत्वपूर्ण हैं: प्रिया कुमारी शुक्ला

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**



**राजस्थान।** राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर इस उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम भारत माता के मंदिर सहारा स्टेट के सामने किया गया। जिसमें भिन्न-भिन्न नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा कक्षा 9 की अनामिका और कुमुद ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देश रंगीला रंगीला कार्यक्रम करके जिसमें राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिया कुमारी वरिष्ठ प्रदेश अध्यक्ष आदिल अमीन, युवा प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार सिंह, शहर अध्यक्ष ईश्वर चंद्र चौहान, जिला उपाध्यक्ष विजय यादव एवं अन्य गणमान्य मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री प्रिया शुक्ला ने कहा कि देश की जनता को यह अनमोल आजादी बहुत से क्रांतिकारियों की शहादत और बलिदान से मिली हैं। उन्होंने कहा कि हमें महज 15 अगस्त या 26 जनवरी पर ही देशभक्तों को याद नहीं करना चाहिए बल्कि उनके द्वारा देश को दिए गए अथाह योगदान को याद करते हुए अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। हमारे लिए क्रांतिकारियों का देश के लिए सब कुछ खपा देने वाला बलिदान महत्वपूर्ण है। इसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए।

# राजस्थान के जालोर के सायला क्षेत्र के सुराणा में सामंतवादी सोच ने एक दलित बालक की जान ली



मृतक विद्यार्थी इंद्र मेघवाल


**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राजस्थान के जालोर की सायला क्षेत्र की यह 20 जुलाई की बर्बरता घटना पर आजादी के आज 75 साल बाद भी बच्चों को निशाना बना कर, गंदी मानस्किता के लोग क्या साबित करना चाहते है? की 'दलित अछूत है'। तीसरी कक्षा का विद्यार्थी इंद्र मेघवाल मात्र उम्र 9 वर्ष का पानी के मटके को हाथ लगाना इनता गवारा लगा कि मासूम बच्चे को अध्यापक ने थप्पड़ों द्वारा कुरुता से गुस्सै में आँख तक फोड़ डाली। ओर विद्यालय में विद्यार्थी को इतना पीटा गया की तभी बच्चे की कान की नस फट गई। बता दे करीब 25 दिन उपरांत अनेक उपचार के बाद तड़प-तड़प कर अहमदाबाद के एक हॉस्पिटल में बच्चे की हेमरेज से जान चली गई।

**'इंसानियत ओर मानवता का यह दलित कलंक जन्मों-जन्मों ना धूल सकेगा' - रविन्द्र आर्य**

**मटके की प्यासः** अध्यापक हेड मास्टर छेल सिंह यह कैसी मनास्किता है। पानी का मटका भी भला किसी इंसान के मात्र छूने से अशुद्ध हो जाता है। हेड मास्टर छेल सिंह को शिक्षा के जरिये भेदभाव मिटाने की सिख देनी थी। मगर शिक्षक के अंदर छूआछूत का जहर भरा हुआ हो तो शिक्षक में भक्षक का रूप देखना स्वाभाविक है। अध्यापक गुरु तो माना जाता ही है, शिक्षा का सवरूप भी शिष्य को प्रदान करने हेतु, गुरु एक माता-पिता जैसा कर्तव्य निभाता है। परन्तु आज 'शिक्षक ही भक्षक' बने हुए है। ऐसा किसी ने भी नहीं सोच-विचार किया होगा की माता-पिता समान गुरु अपने शिष्य की जान दलित होने पर ले लेगा।

**संघर्षः** 25 दिनों तक मौत ओर जिंदगी के बीच संघर्ष करता हुए। 13 अगस्त शनिवार को 11 बजे मासूम की जान इसलिये गाँवनी पडी वह विद्यार्थी दलित था। तो क्या आजादी के 75 साल बाद भी दलित स्कूलों में प्यासा रहेगा? तो फिर ऐस स्कूलों आजादी ओर संविधान का क्या आधार है? इतनी बर्बरता किसी भी इंसान को मत दो की 'इंसानियत ओर मानवता का यह दलित कलंक जन्मो-जन्मो ना धूल सके'।




दैनिक मुंबई हलचल

## जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कानपुर में यूपी अध्यक्ष लालू द्वारा तुलसी परिवार की विशाल तिरंगा यात्रा में संघ के बड़े पदाधिकारी भी पहुंचे

## - आजादी का अमृत महोत्सव 75 वां स्वाधीनता दिवस भी धूमधाम से मनाया
## - लोकतंत्र सेनानियों और दिव्यांग जनों को सम्मानित करने के साथ तिरंगों का भी किया वितरण



**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां देश की आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर श्री कृष्ण तुलसी परिवार उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित विशाल तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक सहित अनेक पदाधिकारी भी शामिल हुए। फजलगंज के समय शताब्दी ट्रबल्स से विजय नगर चौराहे तक के लिए तुलसी परिवार उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष और हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले और मेयर चुनाव के भावी प्रबल दावेदार तेजतर्रार व्यवहार कुशल जुझारू तेवरों वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्र कुमार गंगवानी लालू की ओर से आयोजित की गई इस विशाल तिरंगा यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्री राम जी ने किया,जिसके बाद तिरंगा यात्रा के प्रमुख विनय पटेल जी तिरंगा यात्रा में हजारों लोगों की संख्या में तुलसी साधक,वृंदा सखी,लोकतंत्र सेनानी व दिव्यागंजन बड़े उत्साह व उल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय वंदे मातरम का उद्घोष करते हुए विजय नगर चौराहा फिर वापस कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अरुण गुप्ता द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ संचालक ज्ञानेंद्र सचान, महा विभाग संघ संचालक कुंज बिहारी, तुलसी परिवार के संरक्षक मार्गदर्शक शांति स्वरूप भटनागर,राजेश तिवारी, संघ के वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा आदि के जोर दार स्वागत के साथ ही लोकतंत्र सेनानियों दिव्यांग जनों और आए हुए मुख्य अतिथियों का भी सम्मान पार्टी के छोटे बड़े हर आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और भाजपा के प्रचार प्रसार की दिशा में भी सदैव सक्रिय रहने वाले श्री कृष्ण तुलसी परिवार उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष चर्चित चंद्र कुमार गंगवानी लालू ने माला, अंग वस्त्र श्री तुलसी गीता का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जेपी गुप्ता और वीरेंद्र शर्मा, किरण पांडे, अशोक त्रिवेदी,राजेश तिवारी, अनीता, पूनम द्विवेदी, रंजीता पाठक, दिनेश मिश्रा, रतन गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।

# ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया आजादी का अमृत महोत्सव





**संवाददाता/अरमान उल हक**

**संभल।** जनपद संभल के नरौली चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत जनेटा में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नरौली के समाजसेवी/पत्रकार मोहम्मद अरमान उलहक उर्फ.हक साहब बसपा ज़िला उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी हाफि ज इम्तियाज के द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम का प्रारम्भ देश भक्ति गीतों से किया विद्यालय की छात्राओं मनतशा,कशफ जहां,शाज़िया ने देश भक्ति गीतों पर अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं द्वारा तालियां बजाकर छात्राओं की होंसला अफजाई की गई। स्कूल प्रबंधक उमर इस्लाम ने अपने संबोधन में कहा भारत एक ऐसा देश है जहां करोड़ों लोग विभिन्न धर्म परम्परा और संस्कृति के साथ रहते हैं और आजादी के उत्सव को खुशी के साथ मिलकर मनाते हैं समाज सेवी पत्रकार मौहम्मद अरमान उल हक ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताते हुए याद दिलाया कि हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की वजह से आज हमारा मुल्क भारत स्वतंत्र है इसलिए भारतीय नागरिक पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस मनाते हैं शब्बू चौधरी ने कहा स्वतंत्रता दिवस पर हम स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं जिनकी वजह से भारत को स्वतंत्रता मिली थी। इस दौरान समजसेवी पत्रकार मोहम्मद अरमान उल हक, हाफिज इम्तियाज पत्रकार, बसपा ज़िला उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी आसिम चौधरी पत्रकार, उमर इस्लाम प्रबंधक गुलशाबाब शिफा चांदनी विनोद कुमार मौलाना खलील मनतशा शाज़िया प्रेम सिंह कशफ जहां सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्धित करने हेतु जन-जागरूकता लाने के अभियान के अन्तर्गत जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत कलक्ट्रेट परिसर से सिंगल यूज प्लास्टिक को प्रतिबन्धित करने हेतु जन-जागरूकता लाने के अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु विभाग द्वारा तैयार जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय ने इस मौके पर बताया कि जागरूकता रथ पूरे सप्ताह तक सम्पूर्ण जनपद में विभिन्न स्थानों में जा-जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के सम्बन्ध में आम जन-मानस को ऑडियो एवं वीडियो तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता लाने का कार्य करेगा। विनय शंकर पाण्डेय ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों- प्लास्टिक स्टिक के साथ ईयर बड्स, प्लास्टिक स्टिक के साथ गुब्बारे, प्लास्टिक स्टिक के साथ झंडे, प्लास्टिक स्टिक के साथ कैंडी, प्लास्टिक स्टिक के साथ आइसक्रीम, सजावट के लिए पॉलीस्टाइलरीन (थर्माकोल), प्लास्टिक कटलरी जैसे कांटे, प्लास्टिक के चम्मच, प्लास्टिक के चाकू, प्लास्टिक के गिलास, प्लास्टिक का स्ट्रो, प्लास्टिक की प्लेट, प्लास्टिक की ट्रे, मिठाई के डिब्बे, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट के पैकेट के चारों ओर फिल्म लपेटना पैकेजिंग करना, प्लास्टिक स्टिरर्स, 100 माइक्रोफोन से कम के प्लास्टिक के पीवीसी बैनर, पालीथिन कैरी बैग, किसी भी आकार, प्रकार, मोटाई एवं रंग के (हैंडल के साथ एवं बिना हैडल के), नॉन वोवन प्रोपलीन बैग, कटलरी आइटम जो थर्माकोल (पॉलीस्टाइरीन) पॉलीयूरेथन स्टारवरोफोम से बने हो, प्लास्टिक के कटोरे, प्लास्टिक के कप, रिसाइकिल प्लास्टिक के पैकेजिंग कंटेनर, चाहे किसी भी आकार, माप, प्रकार, रंग के हो, व जो खाद्य पदार्थ/तरल पदार्थ को ढकने, ले जाने व भण्डारण में उपयोग में होते हैं, का उल्लेख करते हुये कहा कि हमें इन वस्तुओं के स्थान पर वैकल्पिक वस्तुओं जैसे स्टील के गिलास, कांच की बोतल, मिट्टी की बोतल आदि का इस्तेमाल करना चाहिये। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों तक सिंगिल यूज प्लास्टिक के सम्बन्ध में हमारा प्रचार-प्रसार का अभियान चलेगा तत्पश्चात चालान आदि की कार्रवाई चलेगी।




# शाहपुरा में कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस मनाया, झंडारोहण किया



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा कस्बे में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक व नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में बालाजी की छतरी स्थित कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर व नगर अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल ने झंडारोहण किया। सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर द्वारा सेवादल की सलामी दी गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप गुर्जर, नगर अध्यक्ष बालमुकंद तोषनीवाल, संदीप जीनगर, रामेश्वर सोलंकी, राजेंद्र चौधरी, सहवृत सदस्य रमेश सेन, सद्दीक पठान, मुबारिक हुसैन, मो. इशाक खां, सतीश घुसर, नगर महामंत्री आनंद सेठी, सुनील मिश्रा, ओम सिंधी, ब्लॉक प्रवक्ता व सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर, अमन पोड्रिक, शंकर खटीक, मोहसिन खान, वेदप्रकाश धाकड़, निर्मल सेठी सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# ये करेंगे तो तेजी से बढ़ेगा आपका hemoglobin



अगर आपको रोजमर्रा के कामों में थकान, कमजोरी, सांस फूलने की समस्या हो रही हो तो सचेत हो जाइए ये शरीर में हीमॉग्लोबिन की कमी के लक्षण हो सकते हैं। एक साधारण जांच से इसकी जानकारी हो सकती है। अगर वास्तव में शरीर में हीमॉग्लोबिन कम है तो आप अपने खानपान में बदलाव करके बहुत कम समय में हीमॉग्लोबिन की मात्रा बढ़ा सकते हैं।

## ऐसे बढ़ा सकते हैं शरीर में हीमॉग्लोबिन

एक स्वस्थ व्यस्क व्यक्ति के शरीर में 14 से 18 मिलीग्राम और एक व्यस्क महिला के शरीर में 12 से 16 मिलीग्राम हीमॉग्लोबिन होनी चाहिए। अगर शरीर में इसका स्तर इससे कम है तो फिर इन उपायों की मदद से हीमॉग्लाबिन की मात्रा बढ़ाई जा सकती है:

**हरी सब्जियों से** - हरी सब्जियों में आयरन होता है। यही आयरन तत्व हमारे खून में हीमॉग्लोबिन नाम के प्रोटीन का मुख्य घटक है। इसलिए आयरन या लौह तत्व वाली चीजों को खाने से शरीर में अपने आप हीमॉग्लोबिन बढ़ता है। मेथी, पालक जैसी हरी सब्जियां खाने से शरीर में हीमॉग्लोबिन तेजी से बढ़ता है।

**विटामिन सी युक्त फल खाएं** - केवल आयरन से भरपूर चीजें खाना ही काफी नहीं है। कई बार बहुत से कारणों से हमारा शरीर आहार में मौजूद आयरन का अवशोषण नहीं कर पाता। विटमिन सी की मौजूदगी इस मामले में हमारे शरीर की मदद करती है। इसलिए विटमिन सी वाले फल, सब्जियां खाने से भी हमारा हीमॉग्लोबिन बढ़ता है।

**फोलिक एसिड लें** - फोलिक एसिड एक बी कॉम्प्लेक्स विटामिन है। यह शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं को बनाता है। इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियों, चावल, अंकुरित, सूखे सेम, गेहूं के बीज, अनाज, मूंगफली, केले खाए जा सकते हैं। इसके अलावा डॉक्टरी सलाह से फोलिक एसिड वाले सप्लीमेंट भी लिए जा सकते हैं।

**चुकंदर का रस** - चुकंदर खाने से या उसका रस पीने से हीमोग्लोबिन को बढ़ाने मदद मिलती है। इसमें आयरन, फोलिक एसिड, फाइबर, और पोटैशियम ज्यादा मात्रा में होता है। ये शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या को बढ़ाता है।

**नियमित कसरत करें** - रोजाना करने से शरीर में खून का दौरा बढ़ेगा, नियमित कसरत करने से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं बढ़ती हैं।

# सिर्फ हेल्थ ही नहीं, स्किन और ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद है कड़वा करेला



## स्किन के लिए फायदेमंद है करेला

करेला अपने अलग स्वाद के लिए जाना जाता है। अपने कड़वे स्वाद के कारण ही बहुत कम ही लोग हैं जो करेला खाना पसंद करते हैं लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि करेला सिर्फ सेहत के लिए ही नहीं बल्कि आपकी स्किन और ब्यूटी के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। इस क्रंची वेजिटेबल के कुछ जादुई फायदे हैं जो आपकी स्किन को नैचरली ब्यूटीफुल बना देता है। यहां हम आपको करेले के ऐसे ही पांच ब्यूटी बेनिफिट्स के बारे में बता रहे हैं...

**ऐंटी एजिंग** - अगर आप उम्र को मात देना चाहती हैं तो आज ही करेला खाना शुरू करें। करेले में काफी ज्यादा मात्रा में विटमिन सी पाया जाता है जो कि आपके बढ़ती उम्र की रफ्तार को धीमा कर सकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप ढेर सारे तेल में फ्राई करके करेला खाएं। ऐसा करने की बजाए करेले को उबालें, उसमें नींबू का रस और नमक डालकर खाएं और फायदा आपको काफी जल्दी ही देखने को मिलेगा।

ब्लड प्यूरोफायर

करेला ऐंटिऑक्सिडेंट के मामले में काफी रिच होता है जो कि शरीर के तकरीबन सभी नुकसानदेह टॉक्सिन्स और अशुद्धियों को निकालकर स्किन को शुद्ध, खूबसूरत और हेल्दी बनाता है।

**स्किन क्लेन्जर** - दो चम्मच करेले के जूस में 2 चम्मच ऑरेंज जूस मिलाकर इस मिश्रण को कॉटन बॉल से चेहरे पर लगाकर साफ करें। जब आपका फेस ड्राई हो जाए तो आप इसे नॉर्मल पानी से धो लें। आपको खुद एहसास होगा कि आपकी त्वचा पहले से ज्यादा ग्लोइंग दिख रही है।

**ऐंटी-माइक्रोबियल** - अगर आपकी स्किन पर अक्सर कील-मुंहासे, रैशेज और पिंपल्स होते रहते हैं तो ऐसे में हर रोज अपने पसंदीदा वेजिटेबल के साथ मिक्स करके करेले का जूस पिएं। जल्द ही आपकी स्किन से जुड़ी हर तरह की समस्या खत्म हो जाएगी और आपकी त्वचा पहले से ज्यादा चमकदार हो जाएगी।

**नैचरल ग्लो** - चेहरे के नैचरल ग्लो के लिए करेले का फेसपैक एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। मार्केट में करेले के ऐसे कई फेसपैक उपलब्ध हैं। अगर आप रेडिमेड फेसपैक नहीं खरीदना चाहती तो एक करेला उबालें, इसमें से बीज निकाल दें और इसकी प्यूरी बना लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगा लें। इस मिश्रण को कुछ देर तक ऐसे ही लगाकर छोड़ दें , जब ये सूख जाए तो इसे नॉर्मल पानी से धो लें। स्किन पर नैचरल ग्लो लाने के लिए इसे सप्ताह में एक बार जरूर ट्राई करें।

# सर्दियों में ब्यूटी क्रीम की जगह इन तेलों का करें इस्तेमाल



## स्किन के लिए फायदेमंद हैं इसेंशियल ऑइल

सर्दियों के मौसम में कई तरह की सेहत से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सर्दी, जुकाम, सिर दर्द और बुखार से सभी लोग हर दूसरे दिन परेशान रहते हैं। इसके अलावा सर्दियों में सेहत के साथ-साथ स्किन से जुड़ी समस्याएं भी होती हैं। स्किन काफी ड्राई होकर फटने लगती है और मॉइश्चर की कमी हो जाती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे इसेंशियल ऑइल के बारे में बता रहे हैं जो आपकी ड्राई स्किन को हील कर हेल्दी बनाएंगे और आपको मिलेगी ग्लोइंग त्वचा।

**टी ट्री ऑइल** - सर्दियों में स्किन को हेल्दी रखने के लिए टी ट्री ऑइल परपेक्ट है। यह कील-मुंहासों और पिंपल को दूर करने का सबसे बेहतर तरीका है। सर्दी में अगर आपकी त्वचा सारे उपाय करने के बाद भी ड्राई रह जा रही है तो टी ट्री ऑइल के साथ हनी मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन की ड्राईनेस भी चली जाएगी और त्वचा को नैचरल ग्लो भी मिलेगा।

**ऑर्गेनों ऑइल** - ऑर्गेनों इसेंशियल ऑयल शरीर में मौजूद सेल्स की रिजनेरेशन का काम करता है। आपके त्वचा को समय से पहले ढलने से बचाता है साथ ही साथ स्किन की फाइन लाइन और झुर्रियों को दूर करता है। इसके अलावा अगर आप हेयर फॉल की समस्या से परेशान हैं तो इस ऑइल के इस्तेमाल से आपको इस समस्या से निजात मिल सकती है।

**यूकेलिप्टस ऑइल** - स्किन के लिए ये इंसेशियल ऑइल बेहद फायदेमंद है। अगर हर रात सोने से पहले इस ऑइल को स्किन पर लगया जाए तो त्वचा से पिंपल और दाग-धब्बे गायब हो जाते हैं और स्किन फ्लॉलेस और ग्लोइंग हो जाती है।

**लैवेंडर ऑइल** - इस इसेंशियल ऑइल की खुशबू काफी रिलैक्सिंग होती है। अगर आपकी स्किन में किसी भी तरह की इचिंग हो रही है तो ऐसे में इस ऑइल का इस्तेमाल फायदेमंद हो सकता है। इस ऑइल के यूज से आप सूरज की हानिकारक अल्ट्रवॉयलट किरणों और पलूशन से बच सकते हैं।

**आमंड ऑइल** - आमंड आइल या बादाम का तेल त्वचा को हाइड्रेटेड रखता है। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर में पूरे समय नमी बनी रहती है खासकर सर्दियों में इसका जरूर इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि इसी समय स्किन से जुड़ी सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# फिर धमाल मचाने को तैयार हैं टाइगर और श्रद्धा की जोड़ी

**बॉलीवुड** की हिट जोड़ी में से एक कही जाने वाली टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर की जोड़ी एक बार फिर सिनेमा घरों में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दरअसल दोनों की जोड़ी पहली बार 2016 में 'बागी' में देखी गयी थी। जहां दोनों की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। साथ ही दोनों कलाकारों की ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री को भी खूब पसंद किया गया था। ऐसे में अब उड़ती-उड़ती खबरे ये सामने आ रही हैं की, इन दोनों की जोड़ी दर्शकों को वापस से परदे पर दिखने वाली हैं। साथ ही फिल्म का नाम सुन आपकी एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। दरअसल खबर है कि श्रद्धा को 'बड़े मियां छोटे मियां' की रीमेक के लिए एप्रोच किया गया है। वहीं रिर्पोटों की मानें तो मेकर्स श्रद्धा के अपोजिट टाइगर को कास्ट करना चाहते हैं। वही दोनों की ऑफ-स्क्रीन केमेस्ट्री भी काफी जबरदस्त है। साथ ही रिपोर्ट में ये भी कहा जा रहा है कि 'बड़े मियां छोटे मियां' का रीमेक बनाने वाले दोनों की ऑफ-स्क्रीन केमेस्ट्री को एक बार फिर ऑन-स्क्रीन देखना चाह रहे हैं। वही 'बड़े मियां छोटे मियां' की रीमेक पर अगले साल फरवरी में काम शुरू होगा। मेकर्स फिलहाल शूट के लिए लोकेशन की तलाश कर रहे हैं। वही इस फिल्म में टाइगर पहली बार अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। साथ ही जैकी भगनानी इस फिल्म को बना रहे हैं। वही 'बड़े मियां छोटे मियां' को खूब प्यार मिला था, और ये फिल्म परदे पर सुपरहिट साबित हुई थी।



# शाहरुख की फिल्म जवान में यह साउथ एक्टर बनेगा विलेन



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों अपकमिंग फिल्म जवान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। किंग खान की ये पहली साउथ फिल्म होने वाली है जिसका निर्देशन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के फेमस निर्देशक एटली बना रहे हैं। फिल्म से किंग खान का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है जो काफी वायरल हुआ था। फिल्म के पोस्टर में शाहरुख खान काफी अलग अवतार में नजर आए थे। फिल्म में शाहरुख खान के अपोजिट साउथ एक्ट्रेस नयनतारा नजर आने वाली है। वहीं अब फिल्म से जुडा का एक नया अपडेट सामने आया है जिसे सुनकर फैंस की एक्साइटमेंट काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। शाहरुख खान की फिल्म में साउथ के सुपरस्टार एंट्री हो गई है। एटली द्वारा निर्देशित जवान में शाहरुख खान और नयनतारा के अलावा साउथ एक्टर विजय सेतूपति अहम रोल में दिखने वाले हैं। विजय की जवान में एंट्री की खबर से उनके चाहने वाले काफी खुश हो गए है। पिछले काफी समय से यह चर्चा थी कि विजय जल्द ही किसी फिल्म में विलेन बने नजर आने वाले हैं। ऐसे में इस खबर को खुद एक्टर के पीआरओ ने सोशल मीडिया पर कंफर्म कर दिया है। विजय के पीआरओ युवराज ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर की है। उन्होंने ट्विटर पर इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, यह स्पष्ट करना है कि विजय सेतुपति सर इस समय केवल शाहरुख खान सर के जवान में एक निगेटिव रोल निभा रहे है। वह किसी अन्य तेलुगु प्रोजेक्ट में निगेटिव भूमिका नहीं निभा रहे है जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा है।

# बड़े पर्दे पर दोबारा दिखेगी सिद्धार्थ और कियारा की केमेस्ट्री



**बॉलीवुड** इंडस्ट्री में अक्सर फिल्मी सितारों के एक दूसरे को डेट करने की खबरें आती रहती है। इसी तरह से फिल्मी गलियारों में कई समय से यह चर्चा है कि सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी एक दूसरे को डेट कर रहे है। हालांकि इन दोनों ने खुल कर अपने रिश्ते को स्वीकार तो नहीं किया, लेकिन दोनों को अक्सर साथ में काफी वक्त साथ में बिताते देखा जा चुका है, जिससे माना तो यहीं जाता है कि सिद्धार्थ और कियारा एक दूसरे को डेट कर रहे है। इंडस्ट्री के इस सुपर क्यूट कपल को लोग एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। फिल्म 'शेरशाह' के बाद अब दोबारा से यह जोड़ी साथ आने वाली है। फिल्म 'शेरशाह' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी ने अपने कमाल की अदाकारी से लोगों का दिल तो जीता ही, लेकिन इस फिल्म में इन दोनों के बीच की केमेस्ट्री भी लोगों को खूब पसंद आई। इस फिल्म के बाद से ही सिद्धार्थ और कियारा के एक दूसरे को डेट करने की खबरें जोर पकड़ने लगी। इसके बाद इन दोनों को कई बार साथ में टाइम स्पेंड करते और साथ में वेकेशन पर जाते भी स्पॉट किया जा चुका है।